तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

# बिनागुंडा मुठभेड़ में मृत दो नक्सलियों की शिनाख्त, दो की पहचान की कवायद जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- शिनाख्त दोनों नक्सलियों के पर था 10 लाख का इनाम
- वर्दीधारी मृतक नक्सली मिलिट्री कंपनी नम्बर 05 का सदस्य
- दूसरा मृतक नक्सली किसकोड़ो एलओएस का सदस्य

बिनागुंडा के दक्षिणी छोर कुरूषनार के जंगल पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में मारे गए चार नक्सलियों में दो नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है, वहीं अन्य दो नक्सलियों की शिनाख्ती के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है। चारों शव का पीएम कांकेर जिला अस्पताल में करवाया गया और शव के बारे में नक्सलियों के परिजनों तक खबर पहुँचाई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि जिले में बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी., उपमहानिरीक्षक कांकेर अमित तुकाराम कांबले, बीएसएफ सेक्टर कन्हारगांव के उपमहानिरीक्षक विपुल मोहन बाला के मार्गदर्शन में जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों के विरूद्ध लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की जानकारी ▸▸|शेष पेज 12 पर







**बरामद हथियार व अन्य नक्सली समाग्री**

मुठभेड़ स्थल से एसएलआर 01 नग और मैग्जीन 01 नग, 303 रायफल 01 नग, राउण्ड 09 नग, 12 बोर 01 नग, बीजीएल 01 नग, सेल 03 नग, देशी कट्टा 01 नगर, राउंड 07 नगर, नक्सली पोच व पिट्टू, नक्सली साहित्य और भारी मात्रा में अन्य दौनिक उपयोग की नक्सली सामग्री बरामद किया गया।



## पड़ोसी से मारपीट की मां और बेटे न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर के जवाहर वार्ड में नाली सफाई की बात को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद और मारपीट के मामले में दोनो पक्ष ने थाना में शिकायत किया था। पुलिस ने दोनो पक्षों की बात को सुनते हुए काउंटर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल किया।

कांकेर थाना में 14 फरवरी को शिकायत करने पहुंची बबीता सोनकर ने शिकायत दर्ज कराया था कि नाली का कचरा सफाई करने की बात को लेकर आरोपी अनिता रंगारी के द्वारा गाली गलौज किया तथा उसका बेटा प्रतीक रंगारी दोनो एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का व थप्पड़ से मारपीट किया है। मारपीट को देखकर मेरा बेटा सूरज सोनकर बीच-बचाव करने आया तो उसे भी दोनो मिलकर गाली दिए और मारपीट किए। पुलिस ने अपराध पंजीबद्व कर विवेचना कार्यवाही में लिया। विवेचना में पाया गया कि लड़ाई झगड़ा के दौरान बबीता सोनकर के गले में पहने सोने के मंगल सूत्र को आरोपिया अनिता रंगारे गलत इरादे से उसके गले से छीनने से मंगलसूत्र जमीन में गिर गया था। मौके पर मौजूद किसी एक ने मंगलसूत्र को आरोपिया अनिता रंगारी को देकर बोला कि यह मंगलसूत्र बबीता सोनकर का है, उसे दे देना। तब आरोपिया तथा उसका पुत्र प्रतीक रंगारी दोनो मिलकर मंगलसूत्र को बबीता सोनकर को नुकसान पहुंचाने तथा पहचान व साक्ष्य छुपाने के इरादे से सोने के ▸▸|शेष पेज 12 पर

## शीतला मंदिर तालाब व परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

स्वच्छ कांकेर स्वस्थ कांकेर की परिकल्पना को साकार करने व आगामी 30 मार्च को शीतला माता परिसर स्थित तालाब में होने वाले गंगा महाआरती को देखते हुए 21 मार्च सुबह नगर पालिका व भाजपा अध्यक्ष के नेतृत्व में शीतला तालाब व मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाया गया। स्वच्छता अभियान में साफ सफाई का महत्व बताते भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि स्वच्छता से हम अनेक बीमारियों से बच सकते है। हमारे सांस्कृतिक धरोहर व मंदिरों के आसपास का स्थल हमेसा स्वच्छ रहना चाहिए। स्वच्छ वातावरण में मन भी साफ रहता है और शांति का अनुभव होता है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि शहर की साफ सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वस्थ वातारण निरोगी रहने के लिए अति आवश्यक है। नगर पालिका द्वारा शहर को साफ रखने ध्यान दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी समय-समय पर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जाता रहेगा। शहर के नागरिक भी स्वच्छता को अपना कर्तव्य मानकर अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें। मंदिरों के आसपास गंदगी न फैलाए। पानी का संरक्षण करने के लिए शपथ लेते हुए कहा कि पानी को बचाएंगे और विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे, जल का समुचित उपयोग करेंगे, पानी की हर एक बूंद का संचयन और कैच द रेन अभियान को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग करेंगे, अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ नही करने के लिए प्रेरित करेंगे। स्वच्छता अभियान के दौरान नगर पालिका सीएमओ साहिल कुमार, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राजीव लोचन सिंह, हितेंद्र खटवानी, दिनेश रजक, शकुंतला जैन, चित्ररेखा जैन, नरेंद्र साहू, चन्द्रलोक ठाकुर, अजय सिंह रेणु, मतीन खान, विकास अंभोरे, मीरा ▸▸|शेष पेज 12 पर

## कृषि छात्रों को खाद्य उत्पादों के मूल्यांकन एवं गुणवत्ता नियंत्रण की जानकारी मिली




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- कॉलेज के प्रोफेसर व वैज्ञानिकों ने आंकलन करने का बताया तरीका
- प्रत्येक उत्पाद को 1 से 10 के पैमाने पर स्कोर किया गया

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय के खाद्य प्रसंस्करण मॉड्यूल के अंतर्गत विभिन्न खाद्य उत्पादों का इंद्रिय मूल्यांकन परीक्षण आयोजित किया गया। परीक्षण का उद्देश्य उत्पादों की गुणवत्ता और उपभोक्ता स्वीकार्यता का आंकलन करना था। इस अवसर पर कॉलेज के चौथे वर्ष के छात्रों ने बारीकी से आंकलन के तरीके को सीखा। कृषि महाविद्यालय के डॉ. एनके रस्तोगी, डॉ. जेएल नाग, डॉ. पीएस मरकाम, डॉ. जेएल सलाम, डॉ. पीके नेताम, डॉ. एके नेताम, डॉ. ए दिव्या, खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी इंजीनियर गंगाधर भगत के द्वारा उत्पादों के रंग, गंध, स्वाद और बनावट का मूल्यांकन किया गया। प्रत्येक उत्पाद को 1 से 10 के पैमाने पर स्कोर किया गया। परीक्षण में स्वीट खस्ता, मिर्च आचार, अंवला कैंडी और आचार, इमली गटागट, चकली, सफेद वेलिना बिस्किट, पफ राइस क्रैकर, खट्टा बाजी आचार, नींबू गुड़ चटनी, ऑरेंज, नींबू, चुकंदर अदरक पेय पाउडर, पाइन एप्पल जैम, मशरूम चॉकलेट, बेसन ▸▸|शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### दुर्गूकोंदल जनपद का प्रथम सम्मिलन 24 को

**दुर्गूकोंदल।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की प्रथम सम्मिलन कलेक्टर कार्यालय समय-सारणी अनुसार जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी आयोजन करने की तिथि 24 मार्च निर्धारित की गई है।

### विदेशी पर्यटक बस्तरिया संस्कृति से हुए रूबरू

**केशकाल ।** बोस्टन अमेरिका निवासी एक विदेशी पर्यटक युवा जोशुआ सिम्स अपनी एक परियोजना के संबंध में 20 मार्च को केशकाल पहुंचे। बस्तर के मुहाने पर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टाटामारी पंहुचकर प्रकृति के मनोरम नजारे को देखा। फिर टाटामारी में महिला समूह के महिलाओं द्वारा बनाये गये विशुद्ध छत्तीसगढ़िया भोजन ग्रहंण किया। भोजन उपरान्त चर्चा पर उन्होंने बताया कि कल्चर कनेक्सीशन प्रोजेक्ट एक 501(सी)(3) गैर-लाभकारी संगठन है जो विभिन्न पृष्ठभूमि और संस्कृतियों के लोगों के बीच आपसी सद्भावना और समझ बनाने के लिए कार्य कर रहा वर्तमान में जोशुआ जगदलपुर ज़िले के शकील रिज़वी बस्तर ट्राइबल होमस्टे और दीप्ति ओगरे सुरुज फाउंडेशन के सहयोग से इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए बस्तर प्रवास पर हैं। उन्होंने बस्तर आने के पूर्व रायपुर के सफारी पहुंचकर धम्मशील गणवीर से मिलकर सफारी भ्रमण करते हुए बस्तर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों, सभ्यता, संस्कृति खासियत के बारे जानकारी में अर्जित की।

### आपदा पीड़ितों के परिवारों को आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 04 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम जरेंबेंदरी निवासी किरण मण्डावी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता खतोबाई मण्डावी, पिता मानसाय मण्डावी को, माकड़ी तहसील के ग्राम माकड़ी निवासी धरम यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर भाई ग्वाल यादव को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम डोंगरीगुड़ा निवासी भूमि सोरी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता सुशीला सोरी, पिता तोषमन सोरी को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम सम्बलपुर निवासी सुलमती की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पति सुकचंद पुत्री शिवबती, सुनीता, अनिता पुत्र सुनील को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### वीआईपी कल्चर खत्म करने एसडीएम व सीएमओ को ज्ञापन

**फरसगांव।** कोण्डागांव जिले के फरसगांव में 24 मार्च होने वाले वार्षिक मेले में वीआईपी कल्चर को खत्म करने मेले में बटने वाले वीआईपी पास के विरोध करते हुए सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों ने एसडीएम और नगर पंचायत सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने आए सर्व आदिवासी समाज के प्रमुखों ने बताया कि मेले में मीना बाजार के संचालक के द्वारा वीआईपी पास बांटा जाता है।

चर्चा : भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आयोजन में डिप्टी कलेक्टर टीआर देवागंन हुए शामिल

# जिला स्तर विकसित भारत युवा संसद में वन नेशन वन इलेक्शन पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर






भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में जिला स्तर विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रांरभ सरस्वती वंदना, पूजन अर्चन एवं राजगीत के गान के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के विभिन्न क्षेत्रों में जिला स्तर पर युवा विकसित भारत के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अपने विचार रख सकें। जिसे देश के विकास के लिए नीति निर्धारण में युवाओं के विचारो का समावेश किया जा सकें। युवाओं को मंच प्रदान कर उनमें व्यक्तित्व निर्माण कर नेतृत्व के गुणों को निखाराना इस कार्यक्रम का मुख्य प्रयोजन था।

छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए डिप्टी कलेक्टर टीआर देवागंन ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम कितना उपयोगी है और इसमें क्या रूकावटें आ सकती हैं। इसके लिए युवाओं का विचार जानना बहुत आवश्यक है। सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों पहलुओं पर अपने विचार रखने के लिए युवओं को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम के माध्यम से आप स्वयं विवेक के आधार पर निर्णय ले सकते हैं जो देश हित में हो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने युवा छात्र-छात्राओं से कहा कि यह कार्यक्रम भारत को एक राष्ट्र-एक विचार के रूप में जोड़ने के लिए ही किया जा रहा है। प्रजातांत्रिक मूल्यों को तथा संसदीय पद्धति को किस प्रकार आगे ले जाया जा सकता है, यह भी छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम के माध्यम से सीखनेंगे । धर्म, जाति, राजनीतिक पार्टी के ऊपर उठकर देश के विकास के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव किस प्रकार सहायक हो सकता है, उन पर सभी विचार रखिए आपके विचार पोर्टल के माध्यम से युवा खेल क्लायण मंत्रालय को प्रेषित होंगे जो केन्द्र सरकार के निर्णयों में सहायक होंगे। हर प्रतिभागी आज के लिए एक सांसद है, ऐसा मानकर स्वतंत्र और निर्भय होकर अपने विचार रखे।

कांकेर एवं नारायणपुर जिले से 295 युवाओं का पंजीयन ऑनलाईन विकसित भारत से आशय के उपर एक मिनट का विडियों अपलोड कर माई भारत पोर्टल में के माध्यम से किया गया था। स्क्रीनिंग समिति के द्वारा 150 युवओ का चयन किया गया, जिसमें जिला स्तर के कार्यक्रम के लिए 63 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। प्रतिभागियों को विभिन्न बिन्दुओं पर आकंने के लिए दो निर्णायक मंडल का गठन किया गया। प्रथम निर्णायक समिति के सदस्यों में डिप्टी कलेक्टर टीआर देवागंन, डॉ. लक्ष्मी लेकाम, डॉ.अर्चना सिंह, अभिषेक मिश्रा, चेतन राव पवार तथा द्वितीय निर्णायक मंडल की समिति में डॉ. विजय कुमार रामटेके, डॉ. डीएल पटेल, प्रो. नवरतन साव, भगवान दास चांडक्य एवं विधायक प्रतिनिधि टिकेश नेताम थे।

एक देश एक चुनाव विकसित भारत की ओर एक कदम के उपर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें कांकेर से हर्ष डोंगरे कांकेर ने कहा कि इस नीति से हर समय के चुनाव से मुक्ति मिलेगी, पैसा भी कम खर्च होगा और विकास के लिए ज्यादा समय मिलेगी, पैसा भी कम खर्च होगा और विकास के लिए ज्यादा समय मिलेगा। अंतागढ़ से मिनाक्षी आंचला ने कहा कि नेताओं को भी राजनीति की परीक्षा पास करके एक चुनाव के योग्य बनना चाहिए ।

# महुआ पेड़ के नीचे जुआ, एक हजार जब्त, दो गिरफ्तार

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम सिंगारवाही में महुआ झाड़ के नीचे तास पत्ती से जुआ खेल रहें दो जुआरियों को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से नगद एक हजार एक सौ रूपएं और तास पत्ती को जप्त किया गया।



कार्यवाही के दौरान पुलिस को आता देख कुछ जुआरी भागने में कामयाब रहें। पकड़े गए दो जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही किया गया। नरहरपुर पुलिस को मुखबीर से जानकारी मिली कि कुछ लोग ग्राम सिंगारवाही बीच खार में महुआ झाड़ के नीचे तास के 52 पत्ते से रूपएं पैसा का हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। नरहरपुर पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत खबर सही होने के जानकारी पर नरहरपुर थाना से कार्यवाही करने के लिए एक टीम को 20 मार्च की शाम साढ़े 5 बजें रवाना किया गया और टीम ने बताए गए स्थल पर पहुँची। पुलिस को देखकर कई जुआरी भाग जाने में सफल रहे, वहीं पुलिस दो जुआरियो को मौके पर सिंगारवाही निवासी 50 वर्षीय प्रदुमन जैन पिता जीतराम जैन और बाजारपारा पटौद निवासी 29 वर्षीय रिकेश साहू पिता सुखचंद साहू को दबोचा। जुआरियों की तलाश लिए जाने से उनके पास 1100 रूपएं जप्त किया गया। जुआरियों से जुआं में शामिल लोगों की लिस्ट तैयार किया गया। पुलि ने जुआं खेलते पकड़ाए दोनो जुआरियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# आईटीआई कॉलेज बाबूकोहका में छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय आईटीआई कॉलेज बाबू कोहका में पुलिस विभाग चारामा के द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई, जिसमें गुड टच और बैड टच, महिला संबंधी अपराधों से सुरक्षा, साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय, करियर काउंसलिंग, यातायात नियमों और आगामी परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरणा जैसे विषय शामिल थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शिक्षित और जागरूक बनाना था, जिससे वे अपने व्यक्तिगत और शैक्षणिक जीवन में सतर्कता बरत सकें।

कार्यक्रम की शुरुआत गुड टच और बैड टच पर चर्चा से हुई एवं प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को समझाया कि कैसे वे अच्छे और बुरे स्पर्श में अंतर कर सकते हैं। उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुविधाजनक स्थिति में वे किस प्रकार अपने माता-पिता, शिक्षक या पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। इस विषय पर खासतौर पर छात्राओं को जागरूक किया गया, ताकि वे आत्मरक्षा के प्रति सचेत रहें और किसी भी गलत व्यवहार के खिलाफ आवाज उठा सकें। कार्यक्रम में महिला संबंधी अपराधों और उनसे बचने के उपायों पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके बताए गए और उन्हें हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इसके अलावा, साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को बताया कि इंटरनेट पर सतर्कता रखना क्यों जरूरी है। उन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धोखाधड़ी से बचने के उपाय समझाए। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वे अनजान लिंक पर क्लिक न करें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दे। इसके अलावा विद्यार्थियों को परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों को बताया कि पढ़ाई में नियमितता, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास से अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। छात्रों को तनाव मुक्त रहकर परीक्षा देने की सलाह दी गई और सही रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई और पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सड़क पर लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।



# केवीके के विभिन्न बीजों के संरक्षण पर हुई कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर सहित बालोद, गरियाबंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली एवं बेमेतरा जिले के कृषक एवं वैज्ञानिकगण तथा कृषि विभाग के अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

आयोजित कार्यक्रम में राज्य नोडल अधिकारी पौधा किस्म और कृषक अधिकार डॉ दीपक शर्मा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कृषकों को उनके देशी किस्मों के संरक्षण, उनके लाभ, महत्व एवं आवेदन की प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की साथ ही छत्तीसगढ़ में अब तक किसानों के पंजीकृत पौध किस्मों तथा प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने कृषकों को पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण की संक्षिप्त जानकारी दिया। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा, अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय कांकेर डॉ. नितीन रस्तोगी ने भी किसानों को जानकारी उपलब्ध करवाया। कार्यक्रम में स्थानीय किस्मों के संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषक शिवकुमार चंद्रवंशी जिला कबीरधाम, किशोर राजपूत जिला बेमेतरा एवं निर्मला भास्कर जिला कांकेर को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पहुँचे कांकेर, बालोद, गरियाबंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली एवं बेमेतरा के कृषकों द्वारा संरक्षित विशिष्ट किस्मों के अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जियों एवं फल, पौधे की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

# गौ विज्ञान परीक्षा के लिए चयनित परीक्षार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



छत्तीसगढ़ राज्य में विद्यार्थियों के मध्य गाय का वैज्ञानिक पक्ष सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा के जिला स्तरीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।

■ राज्य स्तर की परीक्षा में 370 होंगे शामिल

गौ विज्ञान परीक्षा के जिला परीक्षा प्रमुख गोकुल साहू, सह प्रमुख मनोज सिन्हा और सत्यनारायण जैन ने बताया कि इस वर्ष आयोजित परीक्षा के प्रथम चरण में कुल 1 लाख 1 हजार 551 बच्चों ने पूरे प्रदेश में भाग लिया जिसमें से 6115 बच्चे द्वितीय चरण में जिला स्तरीय परीक्षा में सहभागी हुए, अब कुल 370 बच्चे तृत्तीय चरण में प्रदेश स्तरीय परीक्षा में सहभागी होंगे। आगामी 5 अप्रैल से विद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण प्रारंभ किया जाएगा जो की उनके विद्यालय स्तर पर वितरित किया जाएगा। प्रदेश के लगभग 6000 विद्यालयों में हुई इस परीक्षा के माध्यम से 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों के मध्य गाय का सम्पूर्ण विषय रखा गया। संस्था का प्रयास है कि आगामी 4 वर्षों में इस परीक्षा के माध्यम से गाय का धार्मिक एवं वैज्ञानिक पक्ष विद्यार्थियों के मध्य रखकर विद्यार्थियों को गोव्रती बनाया जाय। इस अभियान के माध्यम से छुट्टा गोवंश का व्यवस्थापन हो। घर-घर गौपालन हो, हर घर गाय के दूध, दही, घी का सेवन हो। गो आधारित कृषि का व्यापक प्रचार प्रसार हो। स्कूल एवं घरों में किचन गार्डन का निर्माण हो। हर गांव और मोहल्ले में छोटी-छोटी गौ सेवा टोली का निर्माण हो। पूरा प्रदेश आगामी 4 वर्षों में गौ समृद्ध प्रदेश बने ऐसा इस संस्था का प्रयास है। जिला स्तरीय परीक्षा के परिणाम में विद्यालय स्तर 6 वीं से 8 वीं ग्रुप ए में भूमिका सिन्हा पीएम श्रीसेजेस अंतागढ़, मीनाक्षी दर्रो, जीएमएस दमकसा, देविका मंडावी एकलव्य आवासीय विद्यालय नरहरपुर, दीपेश्वरी तुलावी जीएमएस हामतवाही दुर्गुकोंदल, साहिल कुमार यादव जीएमएस दुधावा, हाई एवं हायर सेकेंड्री 9 वीं से 12 वीं ग्रुप बी में साक्षी मंडावी एकलव्य आवासीय विद्यालय नरहरपुर, विवेक नेताम दुर्गुकोंदल, दीपा गोटी सेजेस भर्रीटोला चारामा, चेष्टा नेताम पैराडाइज स्कूल कांकेर, अंजू नरेटी जीएचएसएस भीरागांव भानुप्रतापपुर, महाविद्यालयीन स्तर ग्रुप सी में चंद्रकांत कोरेटी अंतागढ़, हिमानी साहू नरहरपुर, गीतांजलि नाईक आईटीआई चारामा, खुशबू कोडोपी टीबीएस कॉलेज नरहरपुर, तनुजा साहू टीबीएस कॉलेज नरहरपुर सफल रहे। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार 5100 रूपएं, 3100 रूपएं एवं 1100 रूपएं प्रदान किया गया। जिले में चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को गोमय कीट प्रदान किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वालो को क्रमशः 51,000 रूपएं, 31,000 रूपएं एवं 21,000 रूपएं नगद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# कलेक्टर ने पढ़ाई के लिए झमित को दिया लेपटॉप

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कांकेर विकासखण्ड के ग्राम तालाकुर्रा निवासी झमित कुमार सिन्हा (मूकबधिर) को अग्रिम पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता के रूप में नवीन लेपटॉप प्रदाय किया। उनके पिता अतिल कुमार सिन्हा ने बताया कि झमित बचपन से बोल पा रहा था, अचानक 10 दिसम्बर को उनका आवाज बंद हो गया, उस समय वह कक्षा 9 वीं में पढ़ाई कर रहा था। वर्तमान में झमित बीए फाइनल की पढ़ाई पूर्ण कर लिया है और आगे पढ़ना चाहता है। उनकी अग्रिम पढ़ाई के लिए कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी द्वारा (सीएसआर मद) से आर्थिक सहायता के रूप में नवीन लैपटॉप प्रदाय किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल भी मौजूद थे।



# उड़नदस्ता ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**दुर्गूकोंदल।** केन्द्रीकृत परीक्षा कक्षा 5 वीं के परीक्षा केन्द्र प्राशा पटेलपारा कर्रामाड़, प्राशा कर्रामाड़, कन्या आश्रम दुर्गूकोंदल एवं सरस्वती शिशु मंदिर दुर्गूकोंदल का निरीक्षण किया गया। सभी शालाओं मे परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित मिले। किसी प्रकार की नकल सामग्री नही मिला। सभी स्कूलो में परीक्षा शांति पूर्वक संचालित हुई।



# बीमार छात्रा को परीक्षा दिलाने केंद्र लेकर पहुंचीं सरपंच

**दुर्गूकोंदल।** शाउमावि मेड़ा कि छात्रा गोदावरी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण बैठने में दिक्कत हो रही थी। सोनोग्राफी से पेट में टीवी होने का पता चला। बालिका को खाना खाने में परेशानी हो रही थी। प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव और व्याख्याता सुरेश नाग के साथ उसके घर पर जाकर संपर्क किए तो पता चला कि 10 मार्च से लगातार स्वास्थ्य खराब है। संस्था और सरपंच के द्वारा लगातार अवलोकन किया जा रहा था। सामाजिक विज्ञान के पेपर में भी विद्यार्थी मात्र 1.25 घंटा ही परीक्षा केंद्र में उपस्थित रही। उसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। 21 मार्च को भी इसी समस्या को देखते हुए सरपंच ग्राम पंचायत मेड़ो रमशिला कोमरा ने उसे परीक्षा केंद्र कोदापाखा पहुंचाया। बालिका लगभग 1.30 घंटे ही परीक्षा दिला पाई, जब बालिका ने बैठने में असमर्थता जाहिर की तो उसे लेकर घर तक छोड़ा। बालिका पढ़ाई में अच्छी है। संस्था को पूरा यकीन है कि बालिका उत्तीर्ण हो जाएगी।



## पेज 11 के शेष

### बिनागुंडा मुठभेड़ में...

मिलने पर डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम 18 मार्च को कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सल गस्त सर्चिंग पर रवाना हुए थे। नक्सल गस्त सर्चिंग के दौरान 20 मार्च को सुबह लगभग 10 बजे के आसपास थाना छोटेबेठिया के ग्राम बिनागुंडा के दक्षिण छोर में स्थित ग्राम कुरूषनार के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुआ। पुलिस पार्टी द्वारा घटना स्थल का सर्चिंग करने पर4 शव मिले, जिसमें तीन पुरूष और एक महिला का शव था। शव के पास नक्सल सामग्री और हथियार मिले। मीडिया से रूबरू होने के दौरान एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस संदीप पटेल, एएसपी कांकेर दिनेश सिन्हा व अन्य अधिकारी व पुलिस स्टाप उपस्थित रहा।

**पुरूष व एक महिला नक्सली की पहचान नहीं हुई-** समर्पण करने वाले नक्सलियों से चारों नक्सली शव की पहचान करवाया गया, जिसमें वर्दीधारी नक्सली को लोकेश हेमला कंपनी नंबर 05 के सदस्य के रूप में पहचान हुई। दूसरे नक्सली की जगत उर्फ गगन प्लाटून नम्बर 17/ किसकोड़ो एलओएस सदस्य के रूप में पहचान हुई। एक पुरूष व एक महिला नक्सली के बारे में पहचान अभी तक नहीं हुई है। महिला नक्सली के बारे में यह बात सामने आ रही है कि यह लोकेश हेमला की पत्नी कमला हो सकती है, वो थ्री नाट थ्री रखती थी। मुठभेड़ स्थल पर थ्री नाट थ्री भी मिला है। पुलिस ने महिला नक्सली के बारे में पुष्टि नहीं किया है।

**हेमला पर 6 और जगत पर 2 मामले दर्ज-** आठ लाख का ईनामी कंपनी नंबर 05 के प्लाटुन नंबर 01 के सेक्शन ए का सेक्शन कमांडर लोकेश हेमला के खिलाफ कांकेर जिला में 6 मामले दर्ज है, जिसमें आमाबेड़ा थाना में 01, कोयलीबेड़ा थाना में 02 और छोटेबेठिया थाना में 03 मामले दर्ज है। दो लाख का ईनामी जगत उर्फ गगन प्लाटून नम्बर 17 का सदस्य एवं किसकोड़ो एलओएस सदस्य है। इसके खिलाफ कांकेर जिले में दो मामले दर्ज है। दुर्गूकोंदल थानांतर्गत 01 और बड़गांव थानांतर्गत 01 मामला दर्ज है।

### पड़ोसी से मारपीट...

मंगलसूत्र को सामने के गटर नाली में फेंक दिए। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया। आरोपी जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 55 वर्षीय अनिता रंगारी पति भगवतीप्रसाद रंगारी और 23 वर्षीय प्रतीक रंगारी पिता भगवतीप्रसाद रंगारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, सहायक उप निरीक्षक वेदन सलामे, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति साहू, आरक्षक राकेश लकड़ा, महिला आर अंजली गोटा का योगदान रहा।

### शीतला मंदिर तालाब...

सलाम, ओम प्रकाश देवांगन, कामिनी नेताम, मंजू सारथी, दीपक खटवानी, विजय लखवानी, रमशीला साहू, पद्मिनी साहू, विक्रम ठाकुर, गिरधर यादव, मोंटी खटवानी, वैभव कौशिक, अनिल, संयोग साहू, अशोक साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### कृषि छात्रों को खाद्य...

पापड़, आलू, साबूदाना, मुर्कु खद्यय उत्पाद शामिल रहें। विभाग प्रमुख ने कहा कि यह परीक्षण हमारे छात्रों को खाद्य उत्पादों के मूल्यांकन और गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करता है। हम उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। परीक्षण के दौरान उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार के लिए कुछ सुझाव भी दिए गए। इंद्रिय मूल्यांकन परीक्षण खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाने और उपभोक्ताओं को बेहतर उत्पाद प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभाग के अधिष्ठाता ने बताया कि बाजार की मांग के अनुरूप किसी एक प्रोडक्ट को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे उद्यमिता का विकास हो सके और उद्यमी अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सके। आयोजित कार्यक्रम में बीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्र आर्या, ईशा, लक्ष्मी, यशोदा, तनिषा, प्रहल्लाद, रितेश, प्रांजल, सूर्यकांत व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

क्रमांक/ 438 विषयः- अ-6

सनः-2024-2025

**मामले की श्रेणीः राजस्व**
**न्यायालय नायब तहसीलदार कांकेर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202503142000017/**

कापसी (प ह न. 00006),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार रेयमोतीन जैन,
अनावेदक पक्षकार -दुखिया बाई, रेयमोतीन जैन,

**// ईश्तहार //**

आवेदिका रेमोतीन बाई पति स्व- सुखुराम जैन जाति कलार निवासी ग्राम कापसी के द्वारा आवेदिका एवं दुखियाबाई पिता नोहर सिंह के नाम शामिलात खाते की ग्राम कापसी स्थित भूमि खसरा नंबर 216/2, 243, 244/2, 565 रकबा क्रमशः 0.3700, 3.4500, 0.4600, 0.0700 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। सहखातेदार दुखियाबाई पिता नोहर सिंह ग्राम कापसी से लगभग 35-40 वर्षों से पूर्व से गांव से लापता हो गई है। जिससे दुखियाबाई का नाम विलोपित करवाने तथा अपना नाम यथावत रखे जाने आवेदन पत्र पेश किया है।

अतः उक्त आवेदन के सबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आममुख्तियारनामे से दिनांक 07-04-2025 के पूर्व पेश कर सकते है वा नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**Abhishek kumar dewangan**
**नायब तहसीलदार कांकेर**
**तहसील कांकेर**



# जल ही जीवन है

## पर्यावरण सुरक्षा अपने हाथ की बात...





### जल का महत्व

पानी की आवश्यकता हर मनुष्यों को है। कहा भी गया है, जल है तो हम हैं या जल ही जीवन है। प्रकृति पर्याप्त जल प्रदान करती है ताकि मनुष्य खा सके और जीवित रह सके। हमारे पास जो कुछ भी है उससे भी ज्यादा होने का लालच रहता है। मनुष्यों ने अपने फायदे के लिए प्रकृति को परेशान करना शुरू कर दिया है।

इसलिए प्रकृति के संरक्षण और विशेष रूप से पानी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिन की आवश्यकता थी जिस पर लोगों को प्रकृति के लिए बढ़ती समस्याओं से सतर्क किया जाये और पृथ्वी पर दुनिया हर दिन प्रदूषित होती जा रही है हमें यह जानना जरुरी है कि हम प्रदूषण को कैसे कम कर सकते हैं और हमारी प्रकृति को संरक्षित करते हैं।



निखिल सिंह राठौर
(अध्यक्ष)
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर जि. कांकेर

### जल हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता हैं

पानी हम सभी प्राणियों के जीवन में एक अहम भूमिका निभाता हैं। आज मनुष्य जल को लेकर बहुत लापरवाह हैं मनुष्य को अपने अलावा किसी और की कोई फिक्र नहीं होती हैं। हमने जितनी भी नयी नयी खोजे की हैं, नये नये आविष्कार किये हैं उससे भी कई ज्यादा हमने अपने संसाधनों का बुरी तरह से दुरुपयोग भी किया है और इससे केवल हमारी ही हानि नहीं हुई है बल्कि जितने भी जीव जंतु इस पृथ्वी पर निवास कर रहे हैं। सभी के अस्तित्व को हमने अपने लोभ के लिये विलुप्तिकरण की ओर पहुंचा दिया हैं। अभी वक्त है जल को बचाया जाये जिससे जल की समस्या का समाधान हो सके।



सावित्री मनोज मंडावी
(विधायक)
भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र

## जिसे अब तक ना समझे वो कहानी हूं मैं, मुझे बर्बाद मत करो पानी हूं मैं

"बिना जल होय नहीं, कोई सा भी काम
इसे साफ रखने हेतु उपाएं करें तमाम
अगर मिले नहीं जल तो जीवन है बेकार
इसे बचाने के लिये चलो रहे हम तैयार
सच कहें तो जल बना जीवन की पहचान
व्यर्थ बाहकर न करें अब इसका नुकसान।"

### खुशहाली के लिए जल का संचय जरूरी

पानी आम जन की सबसे जरूरतमंद चीज है इसे सभी को बिल्कुल उपलब्ध होना चाहिए, पानी न होने से सभी का जीना मुश्किल हो जायेगा. यह विकराल समस्या है, इसे दूर करना चाहिए, बिना पानी सब सून कहावत का चरितार्थ गर्मी में होता है क्योंकि गर्मी में पानी की कमी होती है, पानी को स्टोर करके रखना चाहिए, बच्चों द्वारा पानी का खर्च कम हो इसके लिए उन्हें पानी बचाने के उपाय बताना चाहिए। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी खर्च करती है उन्हें पानी बचाने के उपयों की जानकारी देनी चाहिए, मैं रोज प्रयास करता हूं कि ज्यादा पानी की बचत हो, पानी को संचय करने के लिए गढ़ों का निर्माण करें।



गजानन डड़सेना
(उपाध्यक्ष)
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर

### जल है तो कल है...

पानी आम जन-जीवन की सबसे जरूरतमंद चीज है, आज जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



सुनील बबला पाढ़ी
(पूर्व अध्यक्ष)
नगर पंचायत, भानुप्रतापपुर

### जल का संचय करें

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखाई देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाले समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे। नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए, जिससे छत के ऊपर का पानी धीरे-धीरे जमीन के अंदर चले जाए जिससे जल सतह बना रहे।



वरुण खापर्डे (मेंडी)
(जनपद सदस्य)
भानुप्रतापपुर

### जल का व्यर्थ उपयोग करने पर रोकथाम जरूरी

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है। वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है। सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियों में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है।



डिगेश खापर्डे
(अध्यक्ष)
भाजपा मंडल, भानुप्रतापपुर

### पानी का दुरुपयोग न करें...

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखाईदय देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाल समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे, नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए।



राजा पाण्डेय
(जिला अध्यक्ष)
भारतीय जनता युवा मोर्चा कांकेर

### जल की उपयोगिता को समझे...

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है, वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है, सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियों में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है। अतः गलियों में फ्रीकास्ट सीमेंट ब्लॉक से इंटरलाकिंग कर बरसाती पानी को जमीन में रिसने का अवसर प्रदान करें, पुराने तालाबों को साफ करने से भी भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता है।



चन्द्रमौली मिश्रा
(प्रदेश महासचिव)
शिवसेना, छत्तीसगढ़

### पानी के व्यर्थ उपयोग पर रोकथाम

पानी आम जनजीवन की सबसे जरूरतमंद चजी है, आम जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, पानी क बिना मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



नरोत्तम चौहान
(पूर्व अध्यक्ष)
भाजपा मंडल, भानुप्रतापपुर

### पानी संचय के लिए जागरूकता जरूरी

पानी के संचय के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है, हर वर्ग के लोगों को पानी के दुरुपयोग को रोकने हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए, जब भी कोई पानी का उपयोग करता है तो उसे सोचना चाहिए कि कहीं पानी का दुरुपयोग तो नही हो रहा है, अगर जन सामान्य इस पर गंभीरता से विचार नहीं करेगा तो आने वाले समय में सरकारी तंत्र के प्रवास ही समस्या को दूर करने में काफी नहीं होगा, यह एक जन समस्या है। अतः इसे दूर करने में जन भागीदारी की जरूरत सबसे ज्यादा है, पानी बचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए, घरों में उपयोग कम करना चाहिए, जंगलों को नष्ट होने से बचाना चाहिए, वृक्षों के जड़ों के सहारे पानी जमीन में जाकर संचित होता है, लोगों की मानसिकता है ताजा पानी, लोग दूसरे दिन पहले दिन के बचे पानी को फेंके ना इसे संचित कर के रखें।



राहुल सिंह धुन्ने
भाजपा कार्यकर्ता

प्रस्तुति : अभिषेक पाण्डेय, संवाददाता, भानुप्रतापपुर, मो. 9407909500

## खबर संक्षेप

### कोषालय के स्ट्रांग रूम का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कांकेर।** जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण 21 मार्च को कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने किया तथा स्ट्रांग रूम में रखे हुए जनरल स्टाम्प, नोटरी, रेवेन्यू एवं बहुमूल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन किया। इसके साथ ही वित्तीय नियमों व निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम को दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा वर्ष में दो बार जिला कोषालय का निरीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर द्वारा जिला कोषालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोषालय के अधिकारी- कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### शराब पीने की सुविधा दी, पकड़ाया ग्रामीण



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि फरसकोट में एक व्यक्ति लोगो को शराब पीने के लिए अवैध रूप से सुविधा दे रहा है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 20 मार्च की रात साढ़े 8 बजें आरोपी के घर के सामने घेराबंदी कर दबिश दिया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले व्यक्ति इधर उधर भाग गए। मौके पर आरोपी फरसकोट निवासी 32 वर्षीय रंजित जैन पिता सुरजू राम को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक बॉटल से देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती करीबन 50 रूपएं एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मानसिक रोगी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत मांडाभर्री निवासी 45 वर्षीय केसर नेताम ने 19 मार्च को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मांडाभर्री निवासी सुखराम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक का दिमागी हालत तीन माह से ठीक नही था, जिसके कारण बबूल झाड़ में गमछा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मृतक की पत्नी के लिए आर्थिक सहायता मंजूर

**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम चिचगांव निवासी 30 वर्षीय श्यामलाल कुरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत मृतक की पत्नी श्रीमती जयंत्री बाई कुरेटी के लिए चार लाख रुपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए हैं।

### छठवीं के लिए प्रवेश परीक्षा अब 30 को

**कांकेर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए पूर्व में निर्धारित चयन परीक्षा तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह परीक्षा 30 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि उक्त प्रवेश चयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र संबंधित जानकारी मण्डल संयोजक अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर से प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

# लो वोल्टेज से चबेला और तुड़गे पंचायत के लोग परेशान, सरपंच ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के चबेला और तुड़गे में ग्रामीण लो वोल्टेज से परेशान है और इसकी शिकायत संबंधित सीएसईबी के कर्मचारियों को किया गया, परंतु कोई सुध नहीं लेने पर चबेला और तुडगे के सरपंच और उपसरपंच के साथ सभी ग्रामवासियों ने सहायक अभियंता सीएसईबी भानुप्रतापपुर को विद्युत सुधार के लिए ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामवासियों का कहना है कि हम सभी बिजली उपभोक्ताओं को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप बिजली नही मिल रही है। सभी लोग लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। सरपंच ने बताया कि परीक्षाएं चल रही है परीक्षार्थियों को बिजली ठीक न होने के कारण तैयारी में समस्या हो रही है। घरों में लगे पंखे, कूलर, फ्रिज, वाशिग मशीन आदि शोपीस बने हुए है, चलते नही है। कुछ लोगो के घरों के इलेक्ट्रानिक समान लो वोल्टेज के कारण खराब हो गए है, जिससे उनको आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है । स्थिति यह है कि लोगों के मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पा रहे है। ग्रामीणजनों को गेहूं पिसवाने के लिए भानुप्रतापपुर जाना पड़ रहा है। ट्यूबबेल से किसानों को सिंचाई करना पड़ता है पर बिजली न होने की बजह से किसान ट्यूबबेल से भी सिंचाई नहीं कर पा रहे है। गली मोहल्ले के घरों में पानी की समस्या बनी हुई है पंचायत से दिए गए नल कनेक्शन में भी पानी नही आ रहा है । गांव के




दुकानदारों ने बताया कि लो-वोल्टेज के कारण फ्रीजर नही चल पा रहा है , कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ठीक से काम नही करता। गर्मी का समय है कोल्डड्रिंक ठंडा नही हो पाता है, व्यापार करने में दिक्कत आ रही है। सभी व्यापारी नाराज है । गर्मी की अभी शुरुवात हुई है, आगे भीषण गर्मी आने वाली है उससे पहले वोल्टेज सही होना आवश्यक है । ग्राम चबेला एवं तुड़गे में पिछले 15 दिन से बिजली की समस्या चल रही थी। इसकी जानकारी ग्रामवासियों ने बिजली विभाग को दिया, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण सभी ग्रामवासीयो ने गांव के सरपंच के साथ भानुप्रतापपुर पहुँचकर विभाग को ज्ञापन सौंपा । 15 दिवस के अंदर समस्या का समाधान करने दिया गया है, 15 दिवस में समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण उग्र आंदोलन और चक्का जाम करने को मजबूर होंगे।

### बैठक : डुप्लीकेट मतदाताओं के चिन्हांकन पर भी चर्चा

# एसडीएम ने सभी राजनीतिक दलों की बैठक में चुनाव सुझाव लिया व चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 21 मार्च को ईआरओ और एसडीएम गंगाधर वाहिले ने लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में सभी से चर्चा किया।

भानुप्रतापपुर के तहसील सभा कक्ष में आयोजित बैठक में विधानसभा के तीनों तहसीलों के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि आयोग ने 31 मार्च के पूर्व सभी विधानसभा एवं जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर आप सबसे निर्वाचन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सुझाव आमंत्रित किया गया है। इसमें आप निर्वाचन से संबंधित हर स्तर पर बूथ लेबल से लेकर निर्वाचन, मतदाता सूची, मतदान केंद्रों से संबंधित आदि सुझाव दे सकते है। आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से अनुसूचित क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की दूरी को देखकर नए मतदान केंद्र बनाए जाने और चुनाव में डुप्लीकेट मतदाताओं का चिन्हांकन किए जाने की बात कही। वोटर आईडी को आधार से लिंक, प्रत्याशियों की योग्यता का मापदंड हो। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तरफ से नए मतदान केंद्र का गठन, चुनावो में लोक लुभावन घोषणा



पर विराम एवं चुनाव को ईव्हीएम के बजाय मतपत्र से कराए जाने का सुझाव दिया। शिवसेना की तरफ से मतपत्र से चुनाव कराए जाने, प्रत्याशी की संपूर्ण जानकारी निःशुल्क प्रदाय करने एवं चुनाव में मतदाताओं को लाभ देने की घोषणा कर मतदाताओं को प्रलोभित करने पर रोक लगाने का सुझाव दिया। इसके आलावा मतदाता सूची का पूर्णरूप से शुद्धीकरण बनाने पर जोर देते हुए डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम विलोपित किया जावे। ऐसे मतदाता जो लगातार कई वर्षो से अन्यत्र चले गए है, उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए।

आयोजित बैठक में एआरओ भानुप्रतापपुर सुरेंद्र उर्वशा, एआरओ दुर्गुकोंदल केतन भोयर, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर , भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, बिदेसिंह कल्लो दुर्गुकोंदल, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष विरेंद्र सिंह ठाकुर, शिवसेना से चंद्रमौली मिश्र, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढी, पार्षद विजय धामेचा, भाजपा के संजय उईके, कांग्रेस के मुकेश चंद्राकर, जयप्रकाश पददा, हूमन मरकाम व अन्य उपस्थित रहे।

# सीमा सुरक्षा बल के शिविर में निःशुल्क उपचार किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

सीओबी गुमरीडी 178वीं वाहिनीबीएसएफ द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत ग्राम मेटाघमरे में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं सहायता सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सहायता प्रदान कर सुरक्षा बलों और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन कमांडेंट 178वीं बटालियन बीएसएफ रवि भूषण द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट रितेश कुमार, डॉ. रवि कुमार ने कहा कि बीएसएफ न केवल नागरिकों की सुरक्षा करता है, बल्कि भारत सरकार की नीति के अनुरूप स्थानीय समुदायों के विकास और सहयोग को भी बढ़ावा देता है। यह नागरिक सहायता कार्यक्रम हमारी इसी जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिससे ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को कपड़े, स्टेशनरी, खेल सामग्री, जल भंडारण टैंक, रेडियो सेट एवं कृषि उपकरण वितरित किए गए। इसके तहत गुमरीडीही, अंधेवाडा सुरंगदोह, कोंडे, दरगढ़, साराघुघमरे, मेटाघमरे, हुलघाट, पितेगुडम, दोडकाएहुर और निरोंराडिही गांवों के 670 ग्रामीणों को लाभ मिला, जिनमें 250 पुरुष, 270 महिलाएं और 150 बच्चे शामिल रहें। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 97 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। इसमें 39 पुरुष, 45 महिलाएं और 13 बच्चे शामिल रहें। ग्राम सराधुघामरे के सरपंच मानेसिंह सलाम ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बीएसएफ और भारत सरकार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम हमारे गाँव के लिए बहुत उपयोगी साबित हुआ है। इससे न केवल चिकित्सा सुविधा मिली, बल्कि लोगों को विभिन्न आवश्यक सामग्री भी प्राप्त हुई, जिससे उनका जीवन आसान हुआ।

# बिजली संकट से परेशान ग्राम सारंड के किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम सारंडा के किसानों को लगातार बिजली कटौती की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और किसान बेहद परेशान हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर किसानों ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को शिकायत दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

सारंडा और साल्हेभाट के किसानों ने चेतावनी दिया है कि यदि जल्द ही बिजली की समस्या हल नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। किसानों का कहना है कि सरकार और बिजली विभाग किसानों की अनदेखी कर रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अपनी फसलों की चिंता सताने लगी है। किसानों ने कहा कि यदि जल्द ही प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो वे धरना प्रदर्शन, चक्काजाम और आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द इसका समाधान करें ताकि उनकी फसल बर्बाद होने से बच सके। किसानों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दौरान 24 घंटे मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन अब खेतों में सिंचाई के लिए बिजली तक नहीं मिल रही है। किसानों का आरोप है कि यदि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

किसान कई मुद्दे को लेकर सहायक अभियंता से मिले और मांग किया कि बिजली कटौती को तुरंत रोका जाए, सिंचाई के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए, अगर वादा किया गया था तो चौबीस घंटे मुफ्त बिजली दी जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रोहित सुरोजिया, सालिक भास्कर, छेदु नाग, बुधउ मारपी, हिंचाराम, बाबूलाल प्रधान, रसिया नेताम, प्रभुरम नेताम, कृष्णा भास्कर, सगुना बाई, छबि लाल कोर्राम, राजेश नेताम, धरम कोर्राम, अशोक वट्टी, मुन्ना नाग, जागेश्वर नेताम, बल्दु सेवता, दीपक शौरी और दिनेश वट्टी शामिल रहे।

# शहीद जवान हेमंत की 5वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि और वीरता को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- शहीदों को दी जाने वाली पेंशन परिवार वालों को अभी तक नहीं मिला

सुकमा जिले के ग्राम मनपा में ड्रग और नक्सलियों के बीच 21 मार्च 2020 को हुई मुटभेड़ में शहीद हुए अमर जवान शहीद हेमंत दास मानिकपुरी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर परिजनों के द्वारा नगर में पुलिस थाना के सामने स्थापित उनकी प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्पण माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि के बाद सभा का आयोजन हुआ एवं उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा उनके सौर्यता को याद किया और अपने विचार रखे गए।



शहीद हेमंत दास मानिकपुरी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद के पिता सुखदास मानिकपुरी की एक बार फिर अपने पुत्र को याद करते हुए आंख भर आई। उन्होंने अपने पुत्र के जीवन परिचय को बताते हुए उसके शहीद होने के बाद उसके परिवार पर जो आप बीती उसक़ो सभी के समक्ष रखा। शहीद की मां हेमंत के शहीद होने के बाद से लगातार बीमार चल रही है और आज वह बिस्तर पर है। शासन प्रशासन की ओर से आज तक हेमंत दास के शहीद होने की पेंशन परिवार वालों को अभी तक जारी नहीं की गई है। उन्होंने नाराजगी जाहिर की और कहा कि वह जिला से लेकर राज्य स्तर पर सभी अधिकारी कर्मचारियों के पास जा चुके हैं, लेकिन एक शहीद के परिवार को पेंशन के लिए बीते 5 सालों से भटकना पड़ रहा है। जबकि उस शहीद को मारने वाले नक्सली को आज सरकार लाखों रुपए देकर, घर, रोजगार नौकरी सभी सुविधा दे रही हैं। डीएसपी अविनाश ठाकुर ने कहा कि उनकी ओर से पर्सनल हेमंत की पेंशन अब तक क्यों नहीं बन पाई है।

इस पर पहल की जावेगी एवं उन्होंने कहां की ऐसी मां-बाप धन्य है जिनका एक बेटा शहीद होने के बाद भी उन्होंने अपने दूसरे बेटे को फिर से पुलिस विभाग में शामिल किया। ताकि वह देश और समाज की रक्षा कर सके। इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से शहीद के पिता सुख दास मानिकपुरी और गलवान घाटी में शहीद हुए ग्राम गिधाली के शहीद गणेश कुंजम के पिता का भी पुलिस विभाग की ओर से शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। हेमंत दास की याद में परिवार जनों की ओर से प्रसाद के रूप में पूरी और हलवा का वितरण करवाया गया एवं शाम को उनके प्रतिमा स्थल पर केंडल जलाकर सभी के द्वारा उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पुण्यतिथि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, पार्षद उत्तम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, नगर के व्यापारी तेज सिंह राठौर, थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व सैनिक कल्याण संघ के जिला संरक्षक रवि साहू, रिटायर्ड सैनिक ऑर्डिनरी कैप्टन सूबेदार जगमोहन साहू, सूबेदार देवराम जैन, पूर्व सैनिक हवलदार बालाराम जैन एवं उनके मित्र जनों के द्वारा उपस्थित होकर उनके प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बाइक समेत पुलिया से गिरा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांदे थानांतर्गत पीव्ही 79 के पुलिया से गिरने के कारण वाहन चालक का मौत होने पर पलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 21 दिसंबर को मृतक पीव्ही 20 निवासी प्रकाश गाईन ससुराल पीव्ही 84 शंकरनगर से खाना खाकर रात साढ़े 9 बजें अपने मोटर सायकल




क्रमांक सीजी 19 बीएच 1586 से अपने घर पीव्ही 20 बैकुंठपुर जाने के लिए निकला था। पीव्ही 79 पेट्रोल पंप पुल के पास मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पुल से टकराकर पुल के नीचे गिर गया, जिससे सिर में गंभीर चोट आया। अधिक खून बह जाने के कारण अचेत अवस्था में पड़ा था। पुल के नीचे पानी होने से डूब जाने के कारण उसका मौत हो गया। आरोपी चालक स्वयं की लापरवाही से पुल से गिरकर घायल हो गया व मौत हो जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आरटीआई में पोर्टल पर कार्यशाला 24 मार्च को

**कांकेर।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जिला स्तर पर जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 24 मार्च दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यशाला में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय के पूर्व उपस्थित रहने निर्देशित किए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ब्रेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# 28वीं सशस्त्र सीमा बल ने ग्रामीणों को बांटे रेडियो सेट

**अंतागढ़।** जिले कांकेर के अंतर्गत 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के अंतर्गत आने वाली समस्त सीओबी के अंतर्गत आने वाले गांव के ग्रामीणों को कार्यवाहक कमांडेंट सुरेश कुमार की अध्यक्षता में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत रेडियो सेट का वितरण किया गया। मासबरस सीओबी के अंतर्गत गांव में 2 सेट रेडिया, गोंडबिनापाल सीओबी के अंतर्गत गांव में 41, रावघाट सीओबी के अंतर्गत गांव में 09, भैयासाल्हेभट सीओबी के अंतर्गत गांव में 08 और



पादरगांव सीओबी के अंतर्गत गांव में में 16 रेडियो सेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर 28 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अंतागढ़ (छत्तीसगढ़) के समस्त अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं साथ में समस्त बलकर्मी उपस्थित रहे ।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371